Title: Need for effective implementation of Malaria Eradication Programme in Lohardagga Parliamentary Constituency, Jharkhand − Laid.

प्रो0 दुखा भगत (लोहरदगा, झारखंड): मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र लोहरदगा (झारखंड) में हर साल मलेरिया से हो रही मौतों की तरफ दिलाना चाहता हूं। आये दिन यहां के आदिवासी बहुल ग्रामीण क्षेत्रों में मलेरिया फैलता है। मलेरिया पर नियंत्रण करने के लिए डी.डी.टी. का छिड़काव नहीं हो रहा है और मलेरिया की रोकथाम के लिए दवायें भी प्राथमिक चिकित्सालयों में उपलब्ध नहीं होती हैं। यह भी देखा गया है कि जो गोलियां दी जाती हैं, वह प्रभावकारी भी नहीं हैं। इन सबके कारण यहां पर मलेरिया से हरेक साल सैंकड़ों लोगों की मौत हो जाती है। मलेरिया की रोकथाम के लिए जो कदम उठाये जा रहे हैं, वे पर्यागप्त नहीं हैं।

अतः सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मलेरिया के रोकथाम के लिए किये जा रहे कार्य की समीक्षा करवायें और समीक्षा के आधार पर सख्त कार्य वाही की जाये।